15	Statistical Officer	Chairman in Consultation with the Executive Committee.	Chairman	All	Central Government	
16	Cooperative Officer	Chairman in consultation with the Executive Committee	Chairman	(i) to (iv) of rule II.		
17	Liaison Officer	Do.	Chairman	Al	Central Government	The penalty of censure may be imposed by the Director and the matter reported to the Chairman.
18	Field Officers	Do.	Chairman	All	Do.	Do.
CLASS III POSTS						
19	Junior Field Officer	Chairman	Chairman	All	Do.	Do.
20	Farm Assistant	Chairman	Chairman	All	Do.	The penalty of censure may be imposed by the Director and the matter may be reported to the Chairman.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
21	Laboratory Assistant	Chairman	Chairman	All	Central Government	The Penalty of censure may be imposed by the Director and the matter may be reported to the Chairman.
22	Field Assistant	Chairman	Chairman	All	Do.	Do.
			TECHNICAL (SCIENTIFIC) POSTS			
23	Deputy Director	Executive Committee	Executive Committee	All	Central Government	The Penalty of censure may be imposed by the Director or Chairman and the matter reported to the Executive Committee.
24	Pathologist, Entomologist, Agricultural Chemist and similar sectional heads.	Executive Committee	Executive Committee	All	Central Government	Do.
CLASS II POSTS						
25	Research Assistants	Chairman in consultation with the Executive Committee	Chairman	All	Do.	Do.

[No. 29(53) Plant(B)/68]

A. K. MISRA,
Deputy Director.

इलायची नियंत्रण

नई दिल्ली, 22, जून, 1971

सा०का०नि० 1055.—इलायची अधिनियम, 1965 (1965 का 42) की धारा 7 की उप-धारा (3) और धारा 33 की उप-धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

भाग 1—साधारण

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** —

(1) ये नियम इलायची बोर्ड सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1971 कहे जा सकेंगे।

(2) ये शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएं** :—

इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) बोर्ड के कर्मचारी के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है :—

(i) वह प्राधिकारी जो, उस पद पर, जिसको बोर्ड का कर्मचारी तत्समय धारण करता हो नियुक्ति करने के लिए सशक्त हो, या

(ii) वह प्राधिकारी जिसने, बोर्ड के कर्मचारी को किसी पद पर जिसको वह तत्समय धारण करता हो, नियुक्त किया हो, या

[(iii) जहां बोर्ड का कर्मचारी, किसी अन्य सेवा का स्थायी सदस्य रहा था या अधिस्थायी रुप से कोई अन्य स्थायी पद धारण करता था, जो बोर्ड के अधीन नहीं था, किन्तु बोर्ड के सतत्नियोजन में रहा हो तो वह प्राधिकारी जिसने उसे, उस सेवा पर या उस सेवा में किसी श्रेणी में या उस पद पर नियुक्त किया हो ।

(ख) "बोर्ड" से इलायची बोर्ड अभिप्रेत है

(ग) "बोर्ड का कर्मचारी" से अध्यक्ष से भिन्न बोर्ड के अधीन नियोजित कोई व्यक्ति, इलायची अधिनियम, 1965 की धारा 7 की उपधारा (1) या धारा 7 की उप–धारा (2) के अधीन नियुक्त अधिकारी, या बोर्ड को सेवार्थ उधार दिया गया कोई सरकारी अधिकारी, अभिप्रेत है ।

(घ) "अध्यक्ष" से बोर्ड का अध्यक्ष अभिप्रेत है ।

(ङ) "निदेशक" से इलायची विकास का निदेशक अभिप्रेत है ।

(च) "बोर्ड के कर्मचारी पर किसी शास्ति के अधिरोपण के संबंध में अनुशासन-प्राधिकारी" से वह प्राधिकारी अभिप्रेत है जो इन नियमों के अधीन उस पर उस शास्ति को अधिरोपित करने के लिए सक्षम हो :

(छ) "कार्यपालिका समिति" से बोर्ड की कार्यपालिका समिति अभिप्रेत है ।

(ज) "अनुसूची" से इन नियमों की अनुसूची अभिप्रेत है ।

(झ) "सेवा" से बोर्ड के अधीन सेवा अभिप्रेत है ।]

3. **लागू होना** :—

(1) ये नियम उन व्यक्तियों के सिवाय —

(क) जो आकस्मिक नियोजन में हों ;

(ख) जो दैनिक मजदूरी पर हों ; और

(ग) जो नियमित स्थापन में नहीं लाए गए हों, बोर्ड के सभी कर्मचारियों पर लाग होंगे ।

(2) उप-नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, केन्द्रीय सरकार, आदेश द्वारा, बोर्ड के कर्मचारियों के किसी वर्ग को, इन नियमों के सभी या किसी नियम के प्रवर्तन से अपवर्जित कर सकेगी ।

(3) यदि कोई शंका उत्पन्न हो –

(क) कि क्या ये नियेम या इनमें से कोई नियम किसी व्यक्ति को लागू होते हैं, या

(ख) कि क्या कोई व्यक्ति जिसे ये नियम लागू होते हैं, बोर्ड के कर्मचारियों के किसी विशिष्ट वर्ग का है,

तो मामला केन्द्रीय सरकार को निर्दिष्ट कर दिया जाएगा और उस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा ।

4. किसी विधि या करार द्वारा प्रदत्त अधिकारों और विशेषाधिकारों का संरक्षण :–

इन नियमों की कोई बात , बोर्ड के किसी कर्मचारी को———

(क) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन, या

(ख) बोर्ड द्वारा किए गए किसी करार के निबंधनों द्वारा दिए गए अधिकार या विशेषाधिकार से जिसका वह हकदार होगा, वंचित करने के लिए प्रवृत्त नहीं होगी

भाग 2—वर्गीकरण और नियुक्तियां

5. पदों का वर्गीकरण :—

बोर्ड की सेवा के अधीन के सभी पद निम्नरूप से वर्गीकृत किए जाएगें, अर्थात्:—

क्रम सं०	पद का वर्णन	पद का वर्गीकरण
1	2	3
1	वह पद जिसका अधिकतम वेतन या जिसके वेतनमान का अधिकतम 950/, रु० से कम न हो	वर्ग I
2	वह पद जिसका अधिकतम वेतन या जिसके वेतनमान का अधिकतम 950/, रुपए से कम हो किन्तु 575/, रुपए से कम न हो । .	वर्ग II
3	वह पद जिसका अतिकतम वेतन या जिसके वेतनमान का अधिकतम 575/, रुपए से कम हो किन्तु 110/, रुपए से अधिक हो । .	वर्ग III
4	वह पद जिसका अधिकतम वेतन या जिसके वेतनमान का अधिकतम 110/, रुपए या उससे कम हो ।	वर्ग I

पदों के किसी वर्ग में नियुक्तियां अनुसूची में दिए गए अनुसार की जाएंगी ।

भाग 3—निलम्बन

6. निलम्बन:—(1) (क) बोर्ड के कर्मचारी को । उसके खिलाफ आरोपों की जांच लम्बित रहने तक, सेवा से निलम्बित किया जा सकेगा ।

(i) जहां ऐसा निलम्बन बोर्ड के हित में आवश्यक हो, या

(ii) जहां उसके खिलाफ अननुशासनिक कार्यवाही अनुध्यात हो या लम्बित हो, या

(iii) जहां किसी दण्डनीय अपराध के संबंध में उसके खिलाफ कोई मामला अन्वेषणा, जांच या विचारण के अधीन हो।

(ख) नियुक्ति प्राधिकारी या अध्यक्ष द्वारा इस निमित्त सशक्त कोई अन्य प्राधिकारी बोर्ड के कर्मचारी को निलम्बित कर सकेगा।

टिप्पण :—कर्मचारी को सिवाय तब के जब वस्तुतः आवश्यक हो, निलम्बित नहीं किया जाएगा, और निलम्बित करने के लिए सशक्त प्राधिकारी या निम्नलिखित बातें मार्गदर्शन करेंगी।

(क) अपचारी के खिलाफ मामला प्रथम दृष्टया मजबूत होना चाहिए।

(ख) यदि अपराध ऐसी गंभीर प्रकृति का हो कि उसका अधिसंभाव्य दण्ड पदयुक्ति होगा या ऐसा हो कि यह सलाह देने योग्य बात नहीं हो कि मामले का विनिश्चय होने तक अपराधी को अपने पद के कर्तव्यों का निष्पादन करते रहने की अनुज्ञा दी जाए, तो निलम्बन न्यायोचित होगा :

(ग) जब तक इस बात का कोई प्रबल कारण न हो कि मामले का विनिश्चय न होने तक अपराधी को काम करते रहने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाना चाहिए, तब तक निलम्बन नहीं किया जाना चाहिए :

(घ) किसी को भी अनुशासन-भंगों या लघु विभागीय अपराधों के लिए निलम्बित नहीं किया जाना चाहिए :

(ङ) कर्मचारी को निम्नलिखित परिस्थितियों में से किसी में निलम्बित किया जा सकता है :—

(i) यदि वह जानबूझकर या हठपूर्वक किसी आदेश का पालन करने से इनकार करता है ; या

(ii) यदि जांच के दौरान उसकी नियुक्ति रखे रहने से ऐसी जांच में रुकावट आती हो या वह निष्फल हो जाती हो : या

(iii) वह पुलिस की अभिरक्षा में हो ; या

(iv) उसके खिलाफ इस प्रकार का अपराध लगाया गया हो कि, यदि वह अपराध उसके खिलाफ सिद्ध हो जाए, तो उसका परिणाम सामान्यतः उसकी पदयुक्ति होगा या :

(v) यदि किसी दाण्डिक अपराध की बाबत उसके खिलाफ कोई मामला अन्वेषण या विचारण के अधीन हो ;

परन्तु जहां निलम्बन का आदेश नियुक्ति प्राधिकारी से नीचे के किसी प्राधिकारी द्वारा या अध्यक्ष से विनिर्दिष्ट प्राधिकार प्राप्त किए बिना किया जाता है वहां ऐसा प्राधिकारी अध्यक्ष को या संबंधित प्राधिकारी को उन परिस्थितियों के बारे में जिनमें यह आदेश दिया गया था तत्काल रिपोर्ट देगा और अपने द्वारा की गई कार्यवाही के अनुमोदन की इहरूा करेगा।

(2) बोर्ड के कर्मचारी को नियुक्ति प्राधिकारी के आदेश से निम्न तारीखों से निलम्बन के अधीन रखा गया समझा जाएगा —

(क) उसके निरोध की तारीख से, यदि वह किसी दण्डनीय आरोप पर या अन्यथा अड़तालीस घण्टे से अधिक कालावधि के लिए अभिरक्षा में निरुद्ध रखा गया हो ;

(ख) अपनी दोषसिद्धि की तारीख से, यदि किसी अपराध के लिए दोषसिद्धि होने की दशा में उसको अड़तालीस घण्टे से अधिक अवधि के लिए कारावास की सजा दी गई हो और ऐसी दोषसिद्धि होने के परिणाम स्वरुप तत्काल पदच्युत नहीं किया गया हो या हटाया नहीं गया हो या अनिवार्यतः सेवा निवृत्त नहीं किया गया हो :

स्पष्टीकरण :—खण्ड (ख) में निर्दिष्ट अड़तालीस घण्टों की कालावधि दोषसिद्धि होने के पश्चात कारावास के प्रारम्भ होने से संगणित की जाएगी और इस प्रयोजन के लिए कारावास की आन्तरायिक कालावधियां यदि कोई हो, हिसाब में ली जाएंगी।

(3) जहां बोर्ड के किसी निलम्बित कर्मचारी पर सेवा से पदच्युत करने, हटाए जाने या अनिवार्यतः सेवा निवृत्त करने की अधिरोपित शास्ति, इन नियमो के अधीन अपील में या पुनर्विलोकन करने पर अपास्त कर दी गई हो और मामले को और आगे जांच या कार्रवाई के लिए या किन्हीं अन्य निदेशों के साथ प्रेषित कर दिया गया हो तो उसके निलम्बन का आदेश, पदच्युति हटाए जाने या अनिवार्यतः सेवा निवृत्त करने के मूल आदेश की तारीख से बराबर प्रवृत्त समझा जाएगा और आगे के आदेशों तब प्रवृत्त रहेगा :

(4) जहां बोर्ड के किसी निलम्बित कर्मचारी पर सेवा से पदच्युत करने, हटाए जाने या अनिवार्यत, सेवा निवृत्त करने की अधिरोपित शास्ति न्यायालय के विनिश्चय द्वारा या उसके परिणामस्वरुप अपास्त कर दी गई हो या शून्य घोषित कर दी गई हो या हो गई हो और आनुशासनिक अधिकारी ने मामले की परिस्थितियों पर विचार करने पर उस अभिकथन के आधार पर उसके खिलाफ और आगे जांच करने का विनिश्चिय किया हो जिनपर पदच्युत करने हटाए जाने या अनिवायतः सेवा निवृत्त करने की शास्ति मूल रूप से अधिरोपित की गई थी तो बोर्ड के कर्मचारी को पदच्युत करने हटाए जाने या अनिवार्यतया सेवा निवृत्त करने के मूल आदेश की तारीख से निलम्बित किया हुआ समझा जाएगा और आगे के आदेशो तक निलम्बित बना रहेगा :

7. **निलम्बन का आदेश उपांतरित न किए जाने तक जारी रहेगा** —(1) इस नियम के अधीन किया गया या किया समझा गया निलम्बन का आदेश तब तक प्रवृत्त रहेगा जब तक उसको ऐसा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा उपांतरित या प्रतिसंहृत न कर दिया गया हो, या

(ख) जहां पूर्वोक्त प्राधिकारी की राय में वह राज्य की सुरक्षा के हित के प्रतिकूल क्रियाकलाप में लगा हुआ हो।

(2) जहां बोर्ड का कोई कर्मचारी निलम्बित किया गया हो या निलम्बित किया गया समझा गया हो (चाहे किसी अनुशासिक कार्यवाही के संबंध में या अन्यथा) तो उसे निलम्बित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी लिखित रूप में दिए जाने वाले कारणों के आधार पर यह निदेश दे सकेगा कि बोर्ड का कर्मचारी तब तक निलम्बन में रहेगा जब तक ऐसी सभी कार्यवाहियों या उनमें से कोई पर्यवसित न हो जाएं।

(3) इस नियम के अधीन किया गया या किया समझा गया निलम्बन का आदेश किसी भी समय उस प्राधिकारी द्वारा जिसने आदेश किया था या जिसके द्वारा किया गया समझा गया था या किसी उस प्राधिकारी द्वारा जिसके वह प्राधिकारी अधीनस्थ है उपांतरित या प्रतिसंहृत किया जा सकेगा :

टिप्पण :—निर्वाह भत्ते की मंजूरी मूल नियमों और अनुपूरक नियमों के उपबन्धों द्वारा शामिल होगी :

भाग 4—शास्तियां और अनुशासन-प्राधिकारी

8. **शास्तियां** :—निम्नलिखित शास्तियां उचित और पर्याप्त कारणों पर और जैसा कि इसमें इसके पश्चात् उपबन्धित है, बोर्ड के किसी कर्मचारी पर अधिरोपित की जा सकेंगी अर्थात् :—

लघु शास्तियां

(i) परिनिंदा

(ii) उसकी प्रोन्नति को रोक रखना

(iii) उपेक्षा या आदेशों के उल्लंघन से उसके द्वारा बोर्ड को कारित धन कि किसी हानि की उसके वेतन से पूर्णतः या भागत वसूली :

(iv) वेतन वृद्धियो को रोक रखना :

बड़ी शास्तियां —

(v) विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए काल-वेतन-मान के निचले प्रक्रम में अवनति इन और निदेशों सहित कि क्या बोर्ड का कर्मचारी ऐसी अवनिति की कालावधि के दौरान वेतन-वृद्धि अर्जित करेगा या नहीं और क्या ऐसी कालावधि के अवसान पर अवनति से उसकी भविष्य की वेतन-वृद्धियां स्थगत हो जाएंगी अथवा नहीं ।

(vi) निम्नतर काल—वेतन-मान ग्रेड या पद पर अवनति जिससे बोर्ड के कर्मचारी की उस काल—वेतन-मान ग्रेड या पद पर जिससे वह अवनत किया गया था प्रोन्नति सामान्यतया वर्जित होगी, शर्तों या उस ग्रेड या पद पर वहाली की शर्तों के बारे में और आगे निदेशों सहित या के बिना ;

(vii) अनिवार्य सेवानिवृत्ति :

(viii) सेवा से हटाया जाना जो भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता नहीं होगा ;

(ix) सेवा से पदच्युत जो भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता होगी :

स्पष्टीकरण —इस नियम के अन्तर्गत निम्नलिखित शास्ति की कोटि में नहीं आएंगे ति् —

(i) बोर्ड के कार्मचारी द्वारा धारित पद या उसकी नियुक्ति के निबन्धनों को शासित करने वाले नियमों या आदेशों के अनुसार कोई विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने में उसके असफल रहने पर उसकी वेतन-वृद्धि रोक देना :

(ii) बोर्ड के किसी कमचारी के दक्षतारोध को पार न कर सकने की उसकी अयोग्यता के कारण कालवेतन-मान में दक्षता रोध पर रोक देना :

(iii) अधिष्ठाती या स्थानापन्न हैसियत में बोर्ड के किसी सदस्य की उसके मामले पर विचार करने के पश्चात उस ग्रेड या प्रोन्नति के पद पर प्रोन्नति न करना जिसके लिए वह पात्र है :

(iv) किसी उच्चतर ग्रेड या पद पर स्थानापन्न से काम करने वाले बोर्ड के कर्मचारी की इस कारण से निम्नतर ग्रेड या पद पर पदावनति कर देना कि वह ऐसे उच्चतर ग्रेड या पद के लिए किसी प्रशासनिक कारण से जो उसके आचरण से असम्बद्ध हो उपर्युक्त नहीं समझा गया है :

(v) बोर्ड के कर्मचारी की, जो किसी अन्य ग्रेड या पद पर परिवीक्षा पर नियुक्त किया गया हो, उसके अपने स्थायी ग्रेड या पद पर परिवीक्षा की कालावधि के दौरान या की समाप्ति पर, उसकी नियुक्ति के निबन्धनों या ऐसी परिवीक्षा को शासित करने वाले नियमों या आदेशों के अनुसार पदावनति ।

(vi) बोर्ड के उस सदस्य की सेवाओं का जिसकी सेवाएं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार या किसी अन्य प्राधिकारी से उधार ली गई है, उस सरकार या प्राधिकारी के निवर्तन पर प्रतिस्थापन करना जिसने उसकी सेवाएं उधार दीं थी ।

(vii) बोर्ड के कर्मचारी की उसकी अधिवर्षिता या सेवा निवृत्ति संबंधी उपबन्धों के अनुसार अनिवार्य सेवा निवृत्ति ।

(viii) (क) परिवीक्षाधीन नियुक्त, बोर्ड के किसी कर्मचारी की उसकी परिवीक्षा की कालावधि के दौरान या अन्त में उसकी नियुक्ति के निबन्धनों या ऐसी परिवीक्षा को शासित करने वाले नियमों और आदेशों के अनुसार

(ख) बोर्ड के किसी करार के अधीन नियुक्त कर्मचारी की ऐसे करार के निबन्धनों के अनुसार

सेवाओं का पर्यवसान ।

9. **अनुशासन--प्राधिकारी** :—(1) केन्द्रीय सरकार बोर्ड के किसी कर्मचारी पर नियम 8 में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई अधिरोपित कर सकती है ।

(2) उपनियम (1) के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना नियम 8 में वर्णित शास्तियां अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों द्वारा बोर्ड के कर्मचारी पर अधिरोपित की जा सकती है ।

10. **आनुशासनिक कार्यवाहियों का संस्थित किया जाना**:—केन्द्रीय सरकार या उसके द्वारा साधारण या विशेष आदेश से सशक्त कोई अन्य प्राधिकारी—

(क) बोर्ड के किसी कर्मचारी के विरुद्ध आनुशासनिक कार्यवाही संस्थित कर सकता है ;

(ख) किसी अनुशासन-प्राधिकारी को निदेश दे सकता है कि वह बोर्ड के किसी ऐसे कर्मचारी के विरुद्ध आनुशासनिक कार्यवाही करे जिस पर वह नियम 8 में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई अधिरोपित करने में सक्षम हो ।

(2) कोई अनुशासन-प्राधिकारी, जो इन नियमों के अधीन नियम 8 के खण्ड (i) से (iv) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई अधिरोपित करने में सक्षम हो, बोर्ड के किसी कर्मचारी के विरुद्ध, नियम 8 के खण्ड (v) से (ix) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई अधिरोपित करने के लिए इस बात के होते हुए भी कि ऐसा अनुशासन-प्राधिकारी इन नियमों में अधीन पश्चात्वर्ती शास्तियों में से कोई अधिरोपित करने में सक्षम नहीं है, आनुशासनिक कार्यवाही संस्थित कर सकता है ।

भाग 5—**शास्तियां अधिरोपित करने के लिए प्रक्रिया**

11. **बड़ी शास्तियां अधिरोपित करने के लिए प्रक्रिया**:—(1) बोर्ड के कर्मचारी पर नियम 8 के खण्ड (v) से (ix) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई भी अधिरोपित करने वाला कोई भी आदेश यथाशक्य इसमें इसके पश्चात उपबन्धित रीति में की गई जांच के पश्चात् के सिवाय, पारित नहीं किया जाएगा ।

(2) अनुशासन प्राधिकारी उन अभिकथनों के आधार पर निश्चित आरोपों की विरचना करेगा जिनके आधार पर जांच करने की प्रस्थापना है। ऐसे आरोप उन अभिकथनों के विवरण के साथ जिन पर वे आधारित हैं बोर्ड के कर्मचारी को लिखित रूप में संसूचित किए जायेंगे और उससे अपनी प्रतिरक्षा में लिखित कथन, यह भी बताते हुए कि क्या वह व्यक्तिगत रूप से सुनवाई चाहता है ऐसे समय के भीतर (क) ऐसे प्राधिकारी को : या (ख) जहां उपनियम (3) के अधीन कोई जांच बोर्ड या जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है वहां उस बोर्ड या अधिकारी को प्रस्तुत करने के लिए अपेक्षा की जायगी जैसा अनुशासन प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया हो।

स्पष्टीकरण:—इस उपनियम में और उपनियम (3) में, "अनुशासन प्राधिकारी" पद में वह प्राधिकारी भी सम्मिलित होगा जो इन नियमों के अधीन बोर्ड के कर्मचारी पर नियम 8 के खण्ड (i) से iv) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम है।

(3) अनुशासन प्राधिकारी आरोपों की जांच स्वयं कर सकता है या यदि वह ऐसा करना आवश्यक समझे तो वह या तो बोर्ड के कर्मचारी को आरोप संसूचित करते समय या उसके पश्चात् किसी भी समय इस प्रयोजन के लिए जांच बोर्ड या जांच अधिकारी नियुक्त कर सकता है।

(4) बोर्ड के कर्मचारी की अपनी प्रतिरक्षा तैयार करने के प्रयोजन के लिए ऐसे शासकीय अभिलेखों का निरीक्षण करने और उद्धारण लेने के लिए अनुज्ञा दी जाएगी जैसे वह विनिर्दिष्ट करे, परन्तु ऐसी अनुज्ञा से इन्कार किया जा सकेगा यदि कुछ कारणों से जिन्हें लिखित रूप में अभिलिखित करना होगा। अनुशासन प्राधिकारी की यह राय है कि इस प्रयोजन के लिए ऐसे अभिलेख संसुगत नहीं हैं या उसके दिखाने के लिए उसको अनुज्ञात करना लोकहित में नहीं है।

(5) प्रतिरक्षा का लिखित-कथन प्राप्त होने पर या यदि विनिर्दिष्ट समय के भीतर ऐसा कोई कथन प्राप्त नही होता है तो यथास्थिति प्राधिकारी या जांच बोर्ड या जांच अधिकारी ऐसे आरोपों की जांच कर सकेगा जो स्वीकार नहीं किए गए हैं।

(6) प्राधिकारी आरोपों की जांच करने वाले प्राधिकारी (जिसे इसमें इसके पश्चात् जांच प्राधिकारी निर्दिष्ट किया गया है) के समक्ष आरोपों के समर्थन में मामले को पेश करने के लिए किसी व्यक्ति को नाम-निर्देशित कर सकेगा। बोर्ड का कर्मचारी अनुशासन प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित बोर्ड के किसी अन्य कर्मचारी के सहयोग से मामले को पेश कर सकता है किन्तु इस प्रयोजन के लिए तब तक किसी विधि व्यवसायी को नियुक्त नहीं कर सकता जब तक कि अनुशासन प्राधिकारी द्वारा पूर्वोक्त रूप में नामनिर्देशित व्यक्ति विधि व्यवसायी न हो या जब तक कि प्राधिकारी, मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऐसी अनुज्ञा न दें।

(7) जांच की दशा में जांच प्राधिकारी, ऐसे दस्तावेजी साक्ष्य पर विचार करेगा जो आरोपों के सम्बन्ध में सुसंगत और तात्विक हों, बोर्ड के कर्मचारी को आरोपों के समर्थन में परीक्षित साक्षियों की प्रतिपरीक्षा करने का, और व्यक्तिगत रुप से साक्ष्य देने का हक होगा। आरोप के समर्थन में मामले को पेश करने वाले व्यक्ति को बोर्ड के कर्मचारी और उसकी प्रतिरक्षा में परीक्षित साक्षियों की प्रतिपरीक्षा करने का हक होगा। यदि जांच प्राधिकारी किसी साक्षी की इस कारण परीक्षा करने से इन्कार करता है कि उसका साक्ष्य सुसंगत या तात्विक नहीं है तो वह उसके कारण लिखित रूप में अभिलिखित करेगा।

(8) जांच के अन्त में, जांच प्राधिकारी प्रत्येक आरोप के अपने निष्कर्षों को उनके कारणों के साथ, अभिलिखित करते हुए जांच की एक रिपोर्ट तैयार करेगा । यदि, ऐसे प्राधिकारी की राय में जांच की कार्यवाही से उन आरोपों से भिन्न आरोप स्थापित होते हैं जो मूलतः विरचित किए गये थे तो वह ऐसे आरोपों पर अपना निष्कर्ष अभिलिखित कर सकेगा परन्तु ऐसे आरोपों पर तब तक निष्कर्ष अभिलिखित नहीं किया जायेगा जब तक कि बोर्ड के कर्मचारी ने उक्त आरोपों को गठित करने वाले तथ्यों को स्वीकार न कर लिया हो या उनके खिलाफ स्वयं की प्रतिरक्षा करने का उसे अवसर न मिल गया हो ।

(9) जांच के अभिलेख में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे --

(i) बोर्ड के कर्मचारी के खिलाफ विरचित आरोप और उपनियम (2) के अधीन उसे दिया गया अभिकथनों का विवरण ;

(ii) उसका प्रतिरक्षा का लिखित कथन, यदि कोई हो तो;

(iii) जांच के दौरान लिया गया मौखिक साक्ष्य ;

(iv) दस्तावेजी साक्ष्य जिस पर जांच के दौरान विचार किया गया हो ;

(v) अनुशासन प्राधिकारी और जांच प्राधिकारी द्वारा जांच के बारे में किये गये आदेश, यदि कोई हों ; और

(vi) प्रत्येक आरोप पर निष्कर्ष और उनके कारणों को उपवर्णित करने वाली रिपोर्ट ।

(10) अनुशासन प्राधिकारी, यदि वह जांच प्राधिकारी नहीं है, जांच के अभिलेख पर विचार करेगा और प्रत्येक आरोप पर अपना निष्कर्ष अभिलिखित करेगा ।

(11) (i) यदि आरोपों पर अपने निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए अनुशासन प्राधिकारी का यह विचार है कि नियम 8 के खण्ड (v) से (ix) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित की जाये तो वह

(क) बोर्ड के कर्मचारी को जांच प्राधिकारी रिपोर्ट की एक प्रति, और जहां अनुशासन प्राधिकारी जांच प्राधिकारी न हो, वहां जांच प्राधिकारी के निष्कर्षों के साथ में अपने निष्कर्षों का विवरण, असहमति के संक्षिप्त कारणों के साथ, यदि कोई हो, देगा; और

(ख) बोर्ड के कर्मचारी को उस पर अधिरोपित की जाने के लिए प्रस्थापित शास्ति को बताते हुए और विनिर्दिष्ट समय के भीतर ऐसा अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए जैसा वह प्रस्थापित शास्ति के खिलाफ करना चाहता हो, उससे मांग करते हुए एक सूचना देगा; और

परन्तु ऐसा अभ्यावेदन जांच के दौरान पेश किये गये साक्ष्य पर ही आधारित होगा ।

(ii) अनुशासन प्राधिकारी खण्ड (i) के अधीन दी गई सूचना के उत्तर में बोर्ड के कर्मचारी द्वारा किये गये अभ्यावेदन पर यदि कोई हो, विचार करेगा और यह अवधारित करेगा कि बोर्ड के सदस्य पर कौन सी शास्ति, यदि कोई हो, अधिरोपित की जाये, और मामले में समुचित आदेश पारित करेगा ।

(12) यदि अनुशासन-प्राधिकारी की, अपने निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए, यह राय है कि नियम 8 के खण्ड (i) से (iv) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई अधिरोपित की जानी चाहिए तो वह मामले में समुचित आदेश पारित करेगा ।

(13) अनुशासन-प्राधिकारी द्वारा पारित आदेशों को बोर्ड के कर्मचारी को संसूचित कर दिया जायेगा और उसे जांच प्राधिकारी की रिपोर्ट की एक प्रति भी दी जायेगी और जहां अनुशासन प्राधिकारी जांच प्राधिकारी नहीं है वहां जांच प्राधिकारी के निष्कर्षों के साथ मे अपने निष्कर्षों का विवरण असहमति, यदि कोई हो, के संक्षिप्त कारणों के साथ उस कर्मचारी को दिया जायेगा सिवाय तब के जब कि वे उसे पहले ही न दिए गए हों ।

12. **अभ्यावेदन देने का अवसर** :—

(1) नियम 8 के खण्ड (i) से (iv) तक में विनिर्दिष्ट कोई भी शास्ति अधिरोपित करने का आदेश निम्नलिखित के पश्चात् के सिवाय पारित नहीं किया जायेगा —

(क) बोर्ड के कर्मचारी को, उसके खिलाफ कारवाई की प्रस्थापना की और उन अभिकथनों की जिनके आधार पर उसके करने की प्रस्थापना है, लिखित सूचना देने के और उसे अभ्यावेदन, यदि वह देना चाहे, देने का अवसर देने के ; और

(ख) ऐसे अभ्यावेदन, यदि कोई हो, पर अनुशासन प्राधिकारी द्वारा विचार कर लिए जाने के ।

(2) ऐसे मामलों में कार्यवाहियों के अभिलेख में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :—

(i) बोर्ड के कर्मचारी को, उसके विरुद्ध कार्यवाई करने की प्रस्थापना की प्रज्ञापना की एक प्रति :—

(ii) उसको में संसूचित अभिकथनों के कथन की एक प्रति ;

(iii) उसका अभ्यावेदन, यदि कोई हो; और

(iv) मामले पर आदेश, उसके लिए कारणों सहित ।

13. **दो या अधिक कर्मचारियों की बाबत सामान्य कार्यवाही**—

(1) जहां किसी मामले से बोर्ड के दो या अधिक कर्मचारी सम्बन्धित हैं वहां केन्द्रीय सरकार या बोर्ड के ऐसे सभी कर्मचारियों पर सेवा से पद-च्युति की शास्ति अधिरोपित करने वाला सक्षम प्राधिकारी यह निदेश देते हुए आदेश दे सकता है कि उन सब के विरुद्ध एक सामान्य कार्यवाही में अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है ।

(2) (क) उप-नियम (1) के खण्ड (ख) में किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी मामले में बोर्ड के कर्मचारी द्वारा उस उप-नियम के खण्ड (क) के अधीन दिए गए अभ्यावेदन, यदि कोई हो, पर विचार करने के पश्चात्, यह प्रस्थापित किया जाता है कि वेतन-वृद्धियां रोक दी जाएं और वृद्धियों को इस प्रकार रोकने से बोर्ड के कर्मचारी को संदेय पेंशन की रकम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है या तीन वर्ष से अधिक की कालावधि के लिए वेतन-वृद्धियों को रोकना, या किसी कालावधि के लिए आंकलित प्रभाव से वेतन वृद्धियों को रोकना, प्रस्थापित किया जाता है तो बोर्ड के कर्मचारी पर ऐसी किसी शास्ति को अधिरोपित करने के लिए आदेश देने से पूर्व नियम 11 के उप-नियम (3) से (12) तक में अधिकथित मामले में जांच की जाएगी ।

(3) ऐसे किसी आदेश में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होंगे :—

(i) वह प्राधिकारी जो ऐसी सामान्य कार्यवाही के लिए अनुशासन प्राधिकारी के रूप में कार्य कर सकता है :

(ii) नियम 8 में विनिर्दिष्ट शास्तियां जिन्हे ऐसा अनुशासन प्राधिकारी अधिरोपित करने के लिए सक्षम होगा; और

(iii) क्या कार्यवाही में नियम 11 या नियम 12 में विहित प्रक्रिया का अनुपालन किया जा सकता है ।

14. **कतिपय मामलों में विशेष प्रक्रिया** :—

नियम 11, 12 और 13 में किसी बात के होते हुए भी—

(क) जहां बोर्ड के कर्मचारी पर ऐसे आचरण के आधार पर जिससे वह आपराधिक आरोप पर दोषसिद्ध हो चुका है, कोई शास्ति अधिरोपित की गई है, या

(ख) जहां अनुशासन-प्राधिकारी का, लेखबद्ध किए गए कारणों से, यह समाधान हो जाता है कि उक्त नियमों में विहित प्रक्रिया का अनुपालन करना युक्तियुक्त तौर पर साध्य नहीं है; या

(ग) जहां केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि प्रक्रिया का अनुपालन करना बोर्ड के हित में समीचीन नहीं है वहां अनुशासन प्रधिकारी मामले की परिस्थितियों पर विचार कर सकता है और उस पर ऐसा आदेश पारित कर सकता है जैसा वह उचित समझे ।

15. **सेवार्थ उधार लिये गये अधिकारियों के सम्बन्ध में उपबन्ध** :—

(1) जहां बोर्ड के ऐसे कर्मचारी के खिलाफ जिसकी सेवाएं केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार, स्थानीय या अन्य प्राधिकरण से उधार ली गई है, निलम्बन का आदेश पारित किया गया है या अनुशासनिक कार्यवाही की गई है वहां उसकी सेवाएं उधार देने वाले प्राधिकारी (जिसे इस नियम में इसके पश्चात् "सेवाएं उधार देने वाला प्राधिकारी" कहा गया है) को तुरन्त, यथास्थिति, उसके निलम्बन के आदेश या आनुशासनिक कार्यवाही के प्रारम्भ करने वाली परिस्थितियां सूचित कर दी जाएंगी ।

(2) बोर्ड के कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए—

(i) यदि अनुशासन प्राधिकारी की यह राय है कि उस पर नियम 8 के खण्ड (I) से (IV) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई एक अधिरोपित की जानी चाहिए तो वह सेवा उधार देने वाले प्राधिकारी से परामर्श करने के पश्चात् मामले पर ऐसे आदेश पारित कर सकता है जैसे वह आवश्यक समझे;

परन्तु अनुशासन प्राधिकारी और सेवाएं उधार देने वाले प्राधिकारी में मतभेद होने की दशा में, बोर्ड के कर्मचारी की सेवाएं, सेवाएं उधार देने वाले प्राधिकारी के निवर्तन पर प्रतिस्थापित कर दी जाएंगी ।

(ii) यदि अनुशासन प्राधिकारी की यह राय है कि उस पर नियम 8 के खण्ड (V) से (IX) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई एक अधिरोपित की जानी चाहिए तो बोर्ड के कर्मचारी की सेवाएं, सेवाएं उधार देने वाले प्राधिकारी के निवर्तन पर प्रतिस्थापित कर दी जाएंगी और जांच की कार्यवाहियां उसको ऐसी कार्यवाई के लिए साप्रेषित कर दी जाएंगी जैसी वह आवश्यक समझे ।

भाग I—अपील

16. वे आदेश जिनके विरुद्ध अपील नहीं हो सकती :—

इस भाग में किसी बात के अन्तर्विष्ट होते हुए भी कोई अपील—

(i) केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए किसी आदेश;

(ii) अन्वर्ती प्रकृति के या सहायतार्थ उठाये गए कदम की प्रकृति के किसी आदेश या निलम्बन के आदेश से भिन्न किसी अनुशासनिक कार्यवाही के अन्तिम निपटारे ;

(iii) नियम 11 के अधीन किसी जांच के दौरान जांच प्राधिकारी द्वारा पारित किए गए किसी आदेश;

के विरुद्ध नहीं हो सकेंगी :

17. वे आदेश जिनके विरुद्ध अपील हो सकती है:—

नियम 16 के उपबन्धों के अध्यधीन, बोर्ड का कोई कर्मचारी निम्नलिखित में से सभी के या किसी के विरुद्ध अपील कर सकेगा, अर्थात् :—

(i) नियम 7 के अधीन दिया गया या दिया हुआ समझा गया निलम्बन का कोई आदेश;

(ii) नियम 8 में विनिर्दिष्ट किसी शास्ति को अधिरोपित करने वाला कोई आदेश चाहे वह अनुशासन प्राधिकारी द्वारा दिया गया हो या किसी अपील या पुनर्विलोकन प्राधिकारी द्वारा दिया गया हो;

(iii) नियम 8 के अधीन अधिरोपित किसी शास्ति को वर्धित करने वाला कोई आदेश;

(iv) कोई आदेश जो :—

(क) उसके अहित में उसके वेतन, भत्ते, पेंशन या नियमों या करार द्वारा यथा विनियमित सेवा की अन्य शर्तों का प्रत्याख्यान या फेरफार करता हो, या

(ख) उसके अहित में किसी ऐसे नियम या करार के उपबन्धों का निर्वचन करता हो ;

(v) कोई आदेश :—

(क) जो उसको दक्षता रोध पार करने में उसकी अयोग्यता के आधार पर वेतनमान में दक्षता रोध होने पर रोकता हो;

(ख) जो उसको, जब वह उच्चतर श्रेणी या पद में स्थानापन्न के रूप में कार्य कर रहा हो, तब निम्नतर श्रेणी या पद पर, शक्ति के रूप में अन्यथा प्रतिवर्तित करता हो;

(ग) जो उसकी पेन्सन को घटाता या रोकता या नियमों के अधीन उसे अनुज्ञेय अधिकतम पेन्शन का प्रत्याख्यान करता हो;

(घ) जो, निलम्बन की कालावधि के लिए या उस कालावधि के लिए जिसमें उसे निलम्बनाधीन समझा गया हो या उसके किसी प्रभाग के लिए उसको संदत्त किए जाने वाले जीवन-निर्वाह तथा अन्य भत्तों को अवधारित करता हो;

(ङ) जो, उसका वेतन और भत्ते—

(i) निलम्बन की कालावधि के लिए ; या

(ii) उसकी पद-च्युति, हटाये जाने या सेवा से अनिवार्य निवृत्ति की तारीख से या उसकी, निम्नतर श्रेणी, पद, काल-वेतन-मान या काल-वेतन-मान क्रम पर अवनति की तारीख से, उसके पुनःपदस्थापन या अपनी श्रेणी या पद पर प्रत्यावर्तन की तारीख तक की कालावधि के लिए अवधारित करता हो।

(च) जो यह अवधारित करता हो कि उसके निलम्बन की तारीख से या उसकी पद-च्युति, हटाये जाने, अनिवार्य सेवा-निवृत्ति या निम्नतर श्रेणी, पद, काल-वेतन-मान क्रम पर अवनति की तारीख से उसके उस श्रेणी या पद पर पुनः स्थापन या प्रत्यावर्तन की तारीख तक की कालावधि को, किसी प्रयोजन के लिए कर्त्तव्य पर व्यतीत की गई कालावधि के रूप में माना जाएगा या नहीं।

स्पष्टीकरण :—इस नियम में :—

(i) "बोर्ड का कर्मचारी" पद में वह व्यक्ति भी सम्मिलित है जो बोर्ड की सेवा से परिविरत हो गया है।

(ii) "पेन्शन" पद में अतिरिक्त पेन्शन, उप-दान और कोई अन्य निवृत्ति प्रसुविधा भी सम्मिलित है।

18. **अपील प्राधिकारी** :—

(1) बोर्ड का कोई कर्मचारी, जिसमें वह व्यक्ति भी सम्मिलित है जो बोर्ड की सेवा से परिविरत हो गया है, नियम 17 में विनिर्दिष्ट सभी आदेशों या किसी आदेश के विरुद्ध अनुसूची में इस निमित्त विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को अपील कर सकेगा ।

(2) उप-नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी :—

(i) नियम 16 के अधीन की गई सामान्य कार्यवाही में दिये गये आदेश के विरुद्ध अपील उस प्राधिकारी को की जाएगी जिससे, उस कार्यवाही के प्रयोजनार्थ अनुशासन-प्राधिकारी के रूप में कृत्य करने वाला प्राधिकारी अव्यवहित अधीनस्थ हो;

(ii) जहां वह व्यक्ति, जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गई है, अपनी पश्चात्वर्ती नियुक्ति के फलस्वरूप, या अन्यथा, ऐसे आदेश की बाबत अपील-प्राधिकारी बन जाता है तो ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील उस प्राधिकारी को की जाएगी जिससे ऐसा व्यक्ति अव्यवहित अधीनस्थ हो।

19. **अपीलों का परिसीमाकाल** :—

इस भाग के अधीन कोई भी अपील ग्रहण नहीं की जाएगी जब तक कि ऐसी अपील उस तारीख से, जिसको अपीलार्थी को उस आदेश की प्रति परिदत्त की गई हो, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, पैंतालिस दिन की कालावधि के भीतर न की गई हो :

परन्तु अपील प्राधिकारी, यदि उसका यह समाधान हो जाए कि अपीलार्थी के पास समय के भीतर अपील न करने का पर्याप्त कारण था, उक्त कालावधि के अवसान के पश्चात् अपील ग्रहण कर सकेगा।

20. **अपील की विषयवस्तु का प्ररूप** :—

(1) अपील करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, ऐसा अलग अलग और अपने नाम में करेगा ।

(2) अपील उस प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी जिसे अपील की जानी है, एक प्रति अपीलार्थी द्वारा उस प्राधिकारी को प्रेषित की जाएगी जिसने वह आदेश

दिया था जिसके विरुद्ध अपील की गई है। उसमें वे सभी तात्विक कथन और तर्क होंगे जिनको अपीलार्थी ने आधार बनाया है, उसमें अपमान जनक या अनुचित भाषा नहीं होगी और वह अपने आप में पूर्ण होगी।

(3) वह प्राधिकारी जिसने वह आदेश दिया है, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, अपील की एक प्रति प्राप्त होने पर, उस पर अपनी टिप्पणियां दे कर सुसंगत अभिलेखों के साथ बिना किसी परिहार्य विलम्ब के और अपील प्राधिकारी के किसी निदेश की प्रतीक्षा किए बिना अपील प्राधिकारी को प्रेषित कर देगा।

21. **अपील पर विचार** :—

(1) निलम्बन के किसी आदेश के विरुद्ध अपील की स्थिति में अपील प्राधिकारी विचार करेगा कि क्या नियम 6 से 10 तक के उपबन्धों को ध्यान में रखते हुए और मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निलम्बन का आदेश न्यायोचित है या नहीं और तद्नुसार आदेश की पुष्टि या प्रतिसंहरण करेगा।

(2) नियम 8 में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से किसी को अधिरोपित करने वाले या उक्त नियम के अधीन किसी शास्ति में वृद्धि करने वाले आदेश की स्थिति में, अपील प्राधिकारी यह विचार करेगा कि :—

(क) क्या नियमों में अधिकथित प्रक्रिया का अनुपालन किया गया है और यदि नहीं तो क्या ऐसे अनुपालन के परिणामस्वरूप भारत के संविधान के किन्हीं उपबन्धों का अतिक्रमण हुआ है या न्याय को विफलता हुई है;

(ख) क्या अनुशासन-प्राधिकारी के निष्कर्ष अभिलेख में के साक्ष्य द्वारा समर्थित है; और

(ग) क्या अधिरोपित शास्ति या वर्धित शास्ति पर्याप्त, अपर्याप्त या कठोर है; और

(i) शास्ति की पुष्टि करने या उसमें वृद्धि करने, उसे कम करने या उसे अपास्त करने,

(ii) मामले को उस प्राधिकारी के पास, जिसने शास्ति अधिरोपित की है या उसमें वृद्धि की है, या ऐसे निदेश के साथ जैसा वह मामले की परिस्थितियों में उचित समझे किसी अन्य प्राधिकारी को भेजने

का आदेश पारित करेगा:

परन्तु :—

(i) यदि वर्धित शास्ति जिसे अपील प्राधिकारी अधिरोपित करने की प्रस्थापना करता है, नियम 8 के खण्ड (V) से (IX) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई एक है और मामले में नियम 11 के अधीन जांच पहले ही नहीं कर ली गई है तो अपील प्राधिकारी नियम 14 के उपबन्धों के अध्यधीन स्वयं ऐसी जांच करेगा या निदेश देगा कि नियम 11 के उपबन्धों के अनुसार ऐसी जांच की जाए और तत्पश्चात् ऐसी जांच की कार्यवाही पर विचार करने पर और अपीलार्थी को यथाशक्य नियम 11 के अनुसार, ऐसी जांच के दौरान पेश किये गये साक्ष्य के आधार पर, प्रस्थापित

शास्ति के विरुद्ध अभ्यावेदन देने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् ऐसा आदेश दे सकेगा जैसा कि वह ठीक समझे ;

(ii) यदि वर्धित शास्ति जिसे अपील प्राधिकारी अधिरोपित करने की प्रस्थापना करता है, नियम 8 के खण्ड (v) से (IX) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई एक है और उस मामले में नियम 14 के अधीन जांच पहले ही करली गई है तो अपील प्राधिकारी अपीलार्थी को यथाशक्य नियम 11 के अनुसार, ऐसी जांच के दौरान पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर, प्रस्थापित शास्ति के विरुद्ध अभ्यावेदन देने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् ऐसा आदेश दे सकेगा जैसा वह ठीक समझे; और

(iii) किसी अन्य दशा में वर्धित शास्ति अधिरोपित करने वाला कोई भी आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि अपीलार्थी को ऐसी वर्धित शास्ति के विरुद्ध यथाशक्य नियम 12 के उपबन्धों के अनुसार ऐसी प्रस्थापित शास्ति के विरुद्ध अभ्यावेदन देने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया जाए ।

(3) नियम 17 में विनिर्दिष्ट किसी अन्य आदेश के विरुद्ध अपील में अपील प्राधिकारी मामले की सभी परिस्थितियों पर विचार करेगा और ऐसा आदेश देगा जैसा वह न्यायसंगत और साध्यापूर्ण समझे ।

22. अपील में के आदेशों का कार्यान्वयन :—

वह प्राधिकारी जिसने वह आदेश दिया है जिसके विरुद्ध अपील की गई है, अपील प्राधिकारी द्वारा दिए गए आदेश को कार्यान्वित करेगा ।

23. अपीलों को रोकना :—

(1) वह प्राधिकारी जिसने वह आदेश दिया है जिसके विरुद्ध अपील की गई है, अपील को रोक सकेगा यदि :—

(i) वह अपील किसी ऐसे आदेश के विरुद्ध हो जिसके विरुद्ध कोई अपील नहीं होती; या

(ii) इसमें नियम 20 के उपनियम (2) के उपबन्धों में से किसी उपबन्ध का अनुपालन न किया गया हो; या

(iii) वह नियम 18 में विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर प्रस्तुत न की गई हो और विलम्ब के लिए कोई कारण दर्शित किया न गया हो; या

(iv) वह पहले से विनिश्चित अपील की पुनरावृत्ति हो और उसमें कोई नए तथ्य या परिस्थितियां पेश न की गई हों ;

परन्तु वह अपील जो केवल इसी कारण से रोकी गई हो कि उसमें नियम 20 के उपनियम (2) के उपबन्धों का अनुपालन नहीं किया गया है, अपीलार्थी को लौटा दी जाएगी और यदि वह उक्त उपबन्धों का अनुपालन करने के पश्चात् एक मास के भीतर पुनः प्रस्तुत की जाए तो उसे रोका नहीं जाएगा ।

(2) किसी अपील के रोके जाने पर उसके तथ्य और कारणों के बारे में अपीलार्थी को सूचित किया जाएगा ।

(3) प्रत्येक त्रिमास के प्रारंभ में, पूर्ववर्ती त्रिमास के दौरान प्राधिकारी द्वारा रोकी गई अपीलों की सूची, उनके रोके जाने के कारणों सहित, उस प्राधिकारी द्वारा अपील प्राधिकारी को भेजी जाएगी।

भाग 7 पुनर्विलोकन

24. **पुनर्विलोकन** :

(1) नियमों में किसी बात के रहते हुए भी, केन्द्रीय सरकार किसी भी समय स्वप्रेरणा से या अन्यथा, किसी जांच के अभिलेखों को मंगा सकेगी और इन नियमों के अधीन दिये गये किसी आदेश को पुनर्विलोकित कर सकेगी और:—

(क) आदेश की पुष्टि कर सकेगी, उसे उपान्तरित या अपास्त कर सकेगी; या

(ख) आदेश द्वारा अधिरोपित शास्ति की पुष्टि कर सकेगी, उसमें कमी कर सकेगी, वृद्धि कर सकेगी या उसे अपास्त कर सकेगी या जहां कोई शास्ति अधिरोपित नहीं की गई है, कोई शास्ति अधिरोपित कर सकेगी; या

(ग) मामले को उस प्राधिकारी के पास, जिसने आदेश दिया था या किसी अन्य प्राधिकारी के पास यह निदेश देते हुए विप्रेषित कर सकेगी कि वह और आगे ऐसी जांच करे जो वह मामले की परिस्थितियों में उचित समझे; या

(घ) ऐसा अन्य आदेश पारित कर सकेगी जैसा वह ठीक समझे।

परन्तु किसी पुनर्विलोकन प्राधिकारी द्वारा किसी भी शास्ति को अधिरोपित या वर्धित करने वाला कोई आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि बोर्ड के सम्बन्धित कर्मचारी को प्रस्थापित शास्ति के विरुद्ध अभ्यावेदन देने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया जाए और जहां नियम 8 के खण्ड (v) से (ix) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से किसी को अधिरोपित करने की प्रस्थापना हो या पुनर्विलोकित किए जाने के लिए इप्सित आदेश द्वारा अधिरोपित शास्ति में वृद्धि करके उन खण्डों में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से किसी को अधिरोपित करने की प्रस्थापना हो, वहां ऐसी कोई शास्ति नियम 11 में अधिकथित रीति से जांच करने के पश्चात् के, और बोर्ड के संबंधित कर्मचारी को ऐसी जांच के दौरान पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर प्रस्थापित शास्ति के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् के, सिवाय अधिरोपित नहीं की जाएगी।

(2) अध्यक्ष, स्वप्रेरणा से या अन्यथा, किसी अधीनस्थ प्राधिकारी द्वारा की गई किसी अनुशासनिक कार्यवाही के मामले के अभिलेखों को मंगा सकता है, ऐसे मामले में पारित किसी आदेश का पुनर्विलोकन कर सकता है और ऐसा आदेश पारित कर सकता है जैसा वह ठीक समझे, मानों बोर्ड के कर्मचारी ने ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील की हो:

परन्तु इस उपनियम के अधीन कोई कार्यवाही पुनर्विलोकित किए जाने वाले आदेश की तारीख के पश्चात् छः मास से अधिक में प्रारंभ नहीं की जाएगी।

(3) पुनर्विलोकन के लिए आवेदन पर उसी प्रकार कार्यवाही की जाए जैसे कि वह इन नियमों के अधीन अपील हो।

भाग 8—प्रकीर्ण

25. आदेशों की तामील :

इन नियमों के अधीन दिए गए या जारी किए गए प्रत्येक आदेश, सूचना और अन्य आदेशिका की तामील बोर्ड के संबन्धित कर्मचारी पर व्यक्तिगत रूप से की जाएगी या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा उसे सूचित की जाएगी।

26. काल-सीमा को शिथिल करने की शक्ति :

इन नियमों में अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, इन नियमों के अधीन कोई आदेश देने के लिए सक्षम प्राधिकारी अच्छे और पर्याप्त कारणों से या यदि पर्याप्त हेतुक दर्शित किए जाए, इन नियमों में विनिर्दिष्ट समय को बढ़ा सकेगा या किसी विलम्ब को माफ कर सकेगा ।

27. व्यावृत्ति :

(1) इन नियमों के प्रारम्भ होने के समय लम्बित कार्यवाहियों को चालू रखा जाएगा और उनका यथाशक्य इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार निपटान किया जाएगा।

(2) इन नियमों में किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को जिसको ये नियम लागू हैं, अपील के किसी ऐसे अधिकार से वंचित करती है जो उसे इन नियमों, के प्रारम्भ होने से पूर्व प्रवृत्त नियमों, अधिसूचनाओं या आदेशों के अधीन प्रेदभूत हुआ था।

(3) इन नियमों के प्रारम्भ होने से पूर्व किसी आदेश के विरुद्ध ऐसे प्रारम्भ के समय लंबिल किसी अपील पर इन नियमों के अनुसार विचार किया जाएगा और आदेश दिया जाएगा मानों ऐसा आदेश इन नियमों के अधीन दिया गया हो और अपील इन नियमों के अधीन की गई हो।

(4) इन नियमों के प्रारम्भ में, ऐसे प्रारम्भ से पूर्व दिये गए किसी आदेश के विरुद्ध कोई अपील या पुनर्विलोकन के लिए आवेदन इन नियमों के अधीन इस प्रकार किया जाएगा मानों ऐसा आदेश इन नियमों के अधीन दिया गया हो :

परन्तु इन नियमों में की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह इन नियमों के प्रारम्भ से पूर्व प्रवृत्त किसी नियम में उपबन्धित किसी अपील या पुनर्विलोकन के लिए परिसीमा-काल को कम करती है।

28. शंकाओं का निराकरण :

यदि इन नियमों के उपबन्धों में से किसी के निर्वचन के बारे में कोई शंका उत्पन्न हो तो मामले को केन्द्रीय सरकार के पास विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा।

अनुसूची

क्रम संख्या	पद का वर्णन	नियुक्ति प्राधिकारी	शक्तियां अधिरोपित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी।	शास्ति की प्रकृति जिसे स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी अधिरोपित कर सकता है।	अपील प्राधिकारी	टिप्पणियां
1	2	3	4	5	6	7
वर्ग 1 पद						
1	इलायची विकास निदेशक	केन्द्रीय सरकार	केन्द्रीय सरकार	सभी	केन्द्रीय सरकार	टिप्पण : परिनिन्दा की शास्ति अध्यक्ष द्वारा अधिरोपित की जा सकती है और मामले की रिपोर्ट मंत्रालय को की जा सकती है।
2	सचिव	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त	
3	सहायक निदेशक (तकनीकी)	कार्यपालिका समिति	कार्यपालिका समिति	सभी	यथोक्त	परिनिन्दा की शास्ति अध्यक्ष द्वारा अधिरोपित की जा सकती है और मामले की रिपोर्ट कार्यपालिका समिति को की जाए।
4	प्रचार अधिकारी	यथोक्त	यथोक्त	सभी	यथोक्त	
वर्ग II पद						
5	अधीक्षक	अध्यक्ष, कार्यपालिका समिति के परामर्श से	अध्यक्ष	सभी	केन्द्रीय सरकार	

1	2	3	4	5	6	7
6	तकनीकी अधिकारी	यथोक्त	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	
7	लेखा पाल	यथोक्त	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	
वर्ग III पद						
8	सहायक	अध्यक्ष	अध्यक्ष	सभी	केन्द्रीय सरकार ।	
9	आशुलिपिक (ज्येष्ठ,और कनिष्ठ)	अध्यक्ष	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	
10	लिपिक (उच्च श्रेणी और निम्न श्रेणी लिपिक)	अध्यक्ष	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	
11	स्टाफ कार ड्राइवर	अध्यक्ष	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	परिनिन्दा की शास्ति निदेशक द्वारा अधिरोपित की जा सकती है और मामले की रिपोर्ट अध्यक्ष को जाए।
वर्ग iv पद						
12	गेस्टेटनर आपरटर	निदेशक	निदेशक	सभी	अध्यक्ष	
13	दफ्तरी	निदेशक	निदेशक	सभी	अध्यक्ष	
14	चपरासी, चौकीदार मिस्त्री, प्रयोगशाला परिचर	निदेशक	निदेशक	सभी	अध्यक्ष	

1	2	3	4	5	6	7
	वर्ग 11 पद		**तकनीकी पद**			
15	साख्यिकी अधिकारी	अध्यक्ष, कार्यपालिका समिति के परामर्श से	अध्यक्ष	सभी	केन्द्रीय सरकार	
16	सहकारिता अधिकारी	अध्यक्ष, कार्यपालिका समिति के परामर्श से	अध्यक्ष	नियम 11 की (1), से तक		
17	संम्पर्क अधिकारी	अध्यक्ष, कार्यपालिका समिति के परामर्श से	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	परिनिन्दा की शास्ति निदेशक द्वारा अधिरोपित की जा सकती है और मामलों की रिपोर्ट अध्यक्ष को की जाए।
18	क्षेत्र-अधिकारी	यथोक्त	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	यथोक्त
	वर्ग III पद					
19	कनिष्ठ क्षेत्र अधिकारी	अध्यक्ष	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	यथोक्त
20	फार्म सहायक	अध्यक्ष	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	परिनिन्दा की शास्ति निदेशक द्वारा अधिरोपित की जा सकती है और मामले की रिपोर्ट अध्यक्ष को की जा सकती है।
21.	प्रयोगशाला सहायक	अध्यक्ष	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	यथोक्त
22.	क्षेत्र सहायक	अध्यक्ष	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	यथोक्त
			तकनीकी (वैज्ञानिक) पद			
23.	उप-निदेशक	कार्यपालिका समिति	कार्यपालिका समिति	सभी	केन्द्रीय सरकार	परिनिन्दा की शास्ति निदेशक या अध्यक्ष द्वारा अधिरोपित की जा सकती है और मामले की रिपोर्ट कार्यपालिका समिति को की जाए।

1	2	3	4	5	6	7
24.	रोग - विज्ञानी, कीट - विज्ञानी कृषि, रसायन विज्ञानी और तत्समान अनुभागीय प्रमुख ।	यथोक्त	यथोक्त	सभी	यथोक्त	यथोक्त
25.	अनुसंधान-सहायक	अध्यक्ष, कार्यपालिका समिति के परामर्श से	अध्यक्ष	सभी	यथोक्त	यथोक्त

[सं० फा० 29 (53) प्लांट (बी०) / 68]

ए० के० मिश्रा, उप निदेशक ।

MINISTRY OF HEALTH, FAMILY PLANNING, WORKS HOUSING AND URBAN DEVELOPMENT

(Department of Works, Housing and Urban Development)

(Works Division)

New Delhi, the 16th June 1971

G.S.R. 1056.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Central Public Works Department (Central Office) Architectural Assistant Recruitment Rules, 1969, namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Public Works Department (Central Office) Architectural Assistant Recruitment (Amendment) Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official gazette.

2. In the Central Public Works Department (Central Office) Architectural Assistant Recruitment Rules, 1969—for rule 5—the following rule shall be substituted namely :—

"5. *Disqualification*—

No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the posts :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule."

[No. 33/6/70-Admn. IV]

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन और निर्माण आवास और नगर विकास मंत्रालय

(नि० आ० और न० वि० विभाग)

(निर्माण प्रभाग)

नई दिल्ली, 16 जून, 1971

सा०का०नि० 1056.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीय कार्यालय) स्थापत्य कला सहायक भर्ती नियम 1969 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**:—(1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीय कार्यालय) स्थापत्य कला सहायक भर्ती (संशोधन) नियम, 1971 होगा।

(2) ये शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीय कार्यालय) स्थापत्य कला सहायक भर्ती नियम, 1969 में, नियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"5-**निरर्हताएं**:—वह व्यक्ति :—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।"

[सं० 33/6/70—प्रशा० 4]

G.S.R. 1057.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution the President hereby makes the following rules further to amend the Central Public Works Department (Central Office) Draftsmen Recruitment Rules, 1962, namely:—

1. (1) These rules may be called the Central Public Works Department (Central Office) Draftsmen Recruitment (Amendment) Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Public Works Department (Central Office) Draftsmen Recruitment (Amendment) Rules 1962—for rule 5—the following rule shall be substituted namely:—

"5. *Disqualification.*—No person.

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the posts:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other gorunds for so doing, exempt any person from the operation of this rule."

[No. 33/6/70-Admn. IV.]

सा० का० नि० 1057.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीय कार्यालय) नक्शानवीस भर्ती नियम, 1962 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीय कार्यालय) नक्शानवीस भर्ती (संशोधन) नियम, 1971 होगा (2) ये शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे :'

2. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीय कार्यालय) नक्शानवीस भर्ती (संशोधन) नियम, 1962 में नियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"5. निरर्हताएं:—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्न के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है ;

सेवा में नियुक्ति का मात्र पात्र नहीं होगा ;

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को उस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी :"

[सं० 33/6/70-प्रशा० 4]

New Delhi, the 17th June 1971

G.S.R. 1058.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Public Works Department Architectural Staff (Gezetted) Recruitment Rules, 1962, namely:—

1. (1) These rules may be called the Central Public Works Department Architectural Staff (Gazetted) Recruitment (amendment) Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official gazette.

2. In the Central Public Works Department architectural Staff (Gazetted) Recruitment Rules 1962—for rule—5—the following rule shall be substituted namely:—

"5. Disqualification—

No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the posts:

provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule."

[No. 33/6/70-Admn. IV]

S. N. BANERJI, Deputy Secy.

नई दिल्ली, 17 जून 1971

सा० का० नि० 1058.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग स्थापत्यकला कर्मचारीवृन्द (राजपत्रित) भर्ती नियम, 1962 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** : (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग स्थापत्य कला कर्मचारीवृन्द (राजपत्रित) भर्ती (संशोधन) नियम, 1971 होगा ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग स्थापत्य कला कर्मचारीवृन्द (राजपत्रित) भर्ती नियम, 1962 में नियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जायगा, अर्थात :—

"5—**निरर्हताएं** :—वह व्यक्ति —

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

पदों पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।"

[सं० 33/6/70—प्रशा० 4]

एस० एन० बनर्जी, उप सचिव ।

MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE

(Department of Social Welfare)

New Delhi, the 18th June 1971

G.S.R. 1059.—In exercise if the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Staff Car Driver in the office of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Office of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Staff Car Driver) Recruitment Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

Schedule annexed hereto.
Schedule annexed hereto.

3. **Number of post, classification and scale of pay.**—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age limit and other qualifications.**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule:

Provided that the upper age limit specified in column 6 of the said Schedule may be relaxed in the case of the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time.

5. **Disqualifications.**—No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

Recruitment Rules for Staff Car Driver in the Office of the Commissioner for

Name of Post	No of Post	Classification.	Scale of Pay	Whether selection post or non-selection post.	Age for direct recruits	Education and Other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
